# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा–माध्य/मगा एवं गुण/वॉक–इन–इन्टरव्यू/2022–23 /9-11 दिनांक: 29.04.22

**नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) एवं राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में विभिन्न पदों पर पदस्थापन हेतु आयोज्य ऑन–लाईन इन्टरव्यू हेतु विज्ञप्ति :–**

राज्य सरकार के विभिन्न आदेशों के क्रम में वर्तमान में पूर्ण रूप से संचालित व नवस्थापित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) एवं अन्य राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के विभिन्न पदों पर पदस्थापन हेतु माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा के अधीन कार्यरत कार्मिकों हेतु निम्नांकित विवरणानुसार ऑन–लाईन इन्टरव्यू आयोजित किये जाएंगे। समस्त पदों के आवेदको हेतु ऑन–लाईन इन्टरव्यू का कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा:–

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम)/राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों हेतु

| क्र. सं. | पद | ऑन–लाईन इन्टरव्यू की तिथि | ऑन–लाईन साक्षात्कार हेतु स्थान | पदों की संख्या (नवीन रूपान्तरित विद्यालय हेतु) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानाचार्य | दिनांक: 11.05.2022 से 25.05.2022 | आवेदनकर्त्ता की सुविधानुसार | प्रत्येक विद्यालय हेतु एक पद | विभाग में कार्यरत प्रधानाचार्य उमावि समकक्ष अधिकारी (कुशल नेतृत्व कर्त्ता के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |
| 2. | वरिष्ठ अध्यापक | दिनांक: 11.05.2022 से 25.05.2022 | आवेदनकर्त्ता की सुविधानुसार | प्रत्येक विद्यालय में कुल छः पद (प्रति विषय एक पदः– अंग्रेजी,गणित, विज्ञान,हिन्दी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान) | विभाग में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक (सभी विषयों हेतु अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |
| 3. | वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक | | | प्रत्येक विद्यालय में एक पद | विभाग में कार्यरत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |
| 4. | वरिष्ठ सहायक | | | प्रत्येक विद्यालय में एक पद | |
| 5. | अध्यापक लेवल–2 | दिनांक: 11.05.2022 से 25.05.2022 | आवेदनकर्त्ता की सुविधानुसार | प्रत्येक विद्यालय में दो पद (विषयवार अंग्रेजी एवं गणित) | अध्यापक लेवल–2 (सभी विषयों के अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |
| 6. | अध्यापक लेवल–1 | | | प्रत्येक विद्यालय में पांच पद (विषयवार यथा सम्भव अंग्रेजी–2, गणित, पर्यावरण एवं हिन्दी) | अध्यापक लेवल–1 (हिन्दी विषय के अलावा सभी विषयों के अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |
| 7. | पुस्तकालयाध्यक्ष (ग्रेड–3) | | | प्रत्येक विद्यालय में एक पद | विभाग में कार्यरत पुस्तकालयाध्यक्ष (ग्रेड–3) (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी) |
| 8. | प्रयोगशाला सहायक (ग्रेड–3) | | | प्रत्येक विद्यालय में एक पद | विभाग में कार्यरत प्रयोगशाला सहायक (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी) |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9.1 | अध्यापक (कम्प्युटर शिक्षण हेतु) | | | प्रत्येक विद्यालय में एक पद | विभाग में कार्यरत अध्यापक (लेवल–1/लेवल–2), जो RSCIT/PGDCA/BCA/MCA /B Tech (CS/IT) अथवा उच्चतर योग्यताधारी हो। (अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्ष कार्मिक को प्राथमिकता दी जायेगी) |
| 10 | कनिष्ठ सहायक | | | प्रत्येक विद्यालय में एक पद | कनिष्ठ सहायक कम कम्प्यूटर ऑपरेटर |
| 11 | सहायक कर्मचारी | | | प्रत्येक विद्यालय में तीन पद | |

### प्रारम्भिक शिक्षा में नवीन खोले गए/क्रमोन्नत किये गए/माध्यम परिवर्तित किये गये अंग्रेजी माध्यम राप्रावि/राउप्रावि हेतु

| क्र. सं. | पद | ऑन–लाईन इन्टरव्यू की तिथि | ऑन–लाईन साक्षात्कार हेतु स्थान | पदों की संख्या (नवीन रूपान्तरित विद्यालय हेतु) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानाध्यापक (वरिष्ठ अध्यापक) | दिनांकः 11.05. 2022 से 25.05. 2022 | आवेदनकर्त्ता की सुविधानुसार | प्रत्येक विद्यालय हेतु एक पद | विभाग में कार्यरत प्रधानाध्यापक (राप्रावि/राउप्रावि) वरिष्ठ अध्यापक समकक्ष (कुशल नेतृत्व कर्त्ता के साथ–साथ अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |
| 2 | अध्यापक लेवल–2 | दिनांकः 11.05. 2022 से 25.05. 2022 | आवेदनकर्त्ता की सुविधानुसार | प्रत्येक विद्यालय में तीन पद (विषयवार अंग्रजी, गणित/विज्ञान एवं हिन्दी/सा. विज्ञान,सस्कृत) | अध्यापक लेवल–2 (सभी विषयों के अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |
| 3. | अध्यापक लेवल–1 | | | प्रत्येक विद्यालय में पांच पद | अध्यापक लेवल–1 (हिन्दी विषय के अलावा सभी विषयों के अंग्रेजी भाषा सम्प्रेषण कौशल में दक्षता अनिवार्य) |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**<u>आवेदन प्रक्रिया –</u> शाला दर्पण के स्टाफ लॉगिन से दिनांक–01.05.2022 से 08.05.2022 रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन किए जाने हैं।**

<u>आवश्यक निर्देशः–</u>

1. उक्त ऑन–लाईन इन्टरव्यू में सम्मिलित होने के लिए राज्य के प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कार्मिक ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। कार्मिकों को उक्त पदों पर पदस्थापन हेतु कोई प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा।
2. प्रधानाचार्य पद हेतु कोई भी अभ्यर्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकता है।
3. वरिष्ठ अध्यापक, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक एवं वरिष्ठ सहायक पदों हेतु संबंधित मण्डल के संयुक्त निदेशक के अधीन कार्यरत अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।
4. अध्यापक (लेवल–2/लेवल–1), पुस्तकालयाध्यक्ष, प्रयोगशाला सहायक, कनिष्ठ सहायक एवं सहायक कर्मचारी पदों के लिए सम्बन्धित जिले में कार्यरत अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं।

5. उक्त पदों हेतु पूर्ण विभक्त समय सारणी अलग से घोषित की जाएगी। इन पूर्ण विभक्त समय सारणियों की घोषणा प्रधानाचार्य हेतु निदेशालय स्तर से, वरिष्ठ अध्यापक व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक पद हेतु संबंधित सम्भागीय संयुक्त निदेशक स्तर से तथा अन्य पदों हेतु संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पृथक से जारी की जाएगी।
6. आवेदन पत्र तथा नव स्थापित किये जाने वाले महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की नामवार सूची एवं अन्य निर्देश सभी संयुक्त निदेशक कार्यालय एवं विभागीय वेबसाईट **https://education.rajasthan. gov.in/secondary** पर उपलब्ध है।
7. जिन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) एवं अन्य राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पदस्थापन हेतु पूर्व में साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित हो चुका है व किन्ही कारणवश वर्तमान में कुछ पद रिक्त है, उन विद्यालयों हेतु संयुक्त निदेशक कार्यालय द्वारा जारी रिक्त पदों की सूची अनुसार आवेदन किए जा सकते हैं।

**(गौरव अग्रवाल)**
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते